# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026


## श्रावणी मेले के लिए प्रशासन की व्यापक तैयारी, श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित सहभागिता की अपील

RANJEET KUMAR

Published on 30 Jul 2026




जहानाबाद जिला प्रशासन ने मखदुमपुर प्रखंड स्थित **वाणावर पहाड़** पर आयोजित होने वाले श्रावणी मेले के लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक इंतजाम किए हैं तथा सभी श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से मेले में शामिल होने की अपील की है।

प्रशासन के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए **पेयजल, स्वास्थ्य शिविर, शौचालय, हेल्प डेस्क और विश्राम स्थल** की व्यवस्था की गई है। वहीं, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर **सीसीटीवी कैमरे** लगाए गए हैं। गौ घाट, हथियाबोर और पाताल गंगा सहित प्रमुख स्थलों पर भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरे मेला परिसर में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उनके साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत और प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

जिला प्रशासन ने जानकारी दी कि श्रावणी मेले का विधिवत उद्घाटन गुरुवार को किया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पहाड़ के नीचे से मंदिर परिसर तक पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई है, जिससे रात्रि में जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि मंदिर परिसर के ऊपरी हिस्से में किसी भी प्रकार की दुकान लगाने की अनुमति नहीं होगी। सभी दुकानें प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर, पहाड़ के नीचे ही संचालित की जाएंगी।

जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने, सहयोग बनाए रखने तथा श्रावणी मेले में शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से भाग लेने की अपील की है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/RANJEET KUMAR, to

which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.